भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
अंसारी नगर, नई दिल्ली-110029

विज्ञा. सं.: एनएचआरपी/बीवीबी/भर्ती/02 दिनांक: 12/09/2025

संविदा संबंधी पदों की रिक्ति-अधिसूचना

एनएचआरपी मल्टीस्टेट इम्प्लीमेंटेशन रिसर्च स्टडी, "कन्वरजेंस एंड इंटीग्रेशन ऑफ प्रोग्राम्स एंड लेवेरेजिंग टेक्नोलॉजी फॉर इनेब्लिंग हेल्थकेयर टीम्स फॉर डिलिवरी ऑफ इक्यूटेबल, हाइक्वालिटी प्राइमरी हेल्थकेयर सर्विसस थ्रो हेल्थ एंड वैल्नेस सेंटर्स (कन्वरटेक-एचडब्ल्यूसीएस)" में कार्य करने के लिए परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में निम्नलिखित पद पूरी तरह से अस्थाई आधार पर भरा जाना है।

अनिवार्य योग्यताएं एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

पद का नाम	**पद का नाम और पारिश्रमिक**
रिक्तियों की संख्या	परामर्शक (वैज्ञानिक/गैर-चिकित्सा) का एक पद
अनिवार्य योग्यता	1. स्नातकोत्तर उपाधि या पीएचडी (सार्वजनिक स्वास्थ्य/मानव विज्ञान/अन्य स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सामाजिक विज्ञान में)। 2. योग्यता-प्राप्त करने के पश्चात का कम से कम 10 वर्षों का अनुभव (पीएचडी को 4 वर्ष के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा)।
वांछनीय	• कार्यान्वयन अनुसंधान परियोजनाओं में कार्य करने का अनुभव। • वैज्ञानिक लेख, रिपोर्ट आदि लिखने के साथ प्रकाशन का अच्छा इतिहास। • सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली और आयुष्मान भारत पहलों की जानकारी।
आयु	न्यूनतम 40 और अधिकतम 70 वर्ष
समेकित पारिश्रमिक	अधिकतम रु. 1,00,000/- प्रति माह (अनुभव और ज्ञान पर आधारित)
अवधि	प्रारंभ में 1 वर्ष के लिए या परियोजना के पूरा होने तक, जो भी पहले हो
कार्य का स्थान	परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार कार्य-संबंधी यात्रा सहित

नियुक्ति की अवधि

1. कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रारंभिक अवधि एक वर्ष से अधिक नहीं होगी। उक्त अवधि के बाद परियोजना की कुल अवधि के लिए तीन वर्ष तक विस्तार किया जा सकता है, जो कार्य की आवश्यकता और उसके पूरा होने की समय-सीमा पर निर्भर करेगा, बशर्ते कि कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मूल्यांकन किया गया कार्य संतोषजनक हो।
2. कर्मचारियों की नियुक्ति संविदा आधार पर पूर्णकालिक समय के लिए होगी और उन्हें आईसीएमआर में नियुक्ति की अवधि के दौरान कोई अन्य कार्य, चाहे वह अंशकालिक हो या पूर्णकालिक, कार्य करने की अनुमति नहीं होगी।

सामान्य जानकारी/अनुदेश:

यह पद पूर्णतः अस्थाई है और परियोजना के साथ ही समाप्त हो जाएगा। नियुक्ति बिना कोई कारण बताए एक महीने के नोटिस पर समाप्त की जा सकती है। चयनित उम्मीदवार का आईसीएमआर के अंतर्गत नियमित नियुक्ति या किसी अन्य परियोजना में अपनी सेवाएं जारी रखने का कोई दावा नहीं करेगा। भविष्य निधि,

सीसीए, अवकाश यात्रा रियायत आदि के लाभ, चिकित्सा दावा स्वीकार्य नहीं हैं। साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा; अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के मामले में आयु में छूट सरकारी नियमों के अनुसार होगी। अनिवार्य और वांछित अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्रमाण प्रस्तुत करने में सक्षम होना चाहिए। परामर्शक के पद के अन्य विवरण के लिए, आईसीएमआर की वेबसाइट पर उपलब्ध कार्यालय ज्ञापन संख्या 16/84/2024-प्रशासन/ई-171470, दिनांक 26/11/2024, को देख लिया जाए।

उपरोक्त योग्यताएँ रखने वाले इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन विस्तृत बायोडाटा, योग्यता और अनुभव आदि को दर्शाने वाले प्रमाण पत्रों और प्रकाशनों के पुनर्मुद्रण (सभी दस्तावेज़ एक ही पीडीएफ फाइल में) के साथ sbhsr.meeting@gmail.com पर 30 सितंबर 2025, सायं 5 बजे तक ईमेल द्वारा भेज सकते हैं।(आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा)। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से होगी और साक्षात्कार की तारीख शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ईमेल द्वारा दी जाएगी।

डॉ.बोंथा वी बाबू
वैज्ञानिक 'जी' आईसीएमआर-मुख्यालय, नई दिल्ली